Lohia College, Churu

IQAC

E-mail: iqaclcc@gmail.com

दिनांक :– 15/12/2022

IQAC Meeting

(Meeting to review and add new innovations for previously proposed innovations.)

आज दिनांक 15.12.2022 को आयोजित महाविद्यालय IQAC की बैठक में उपस्थित सभी सदस्यों ने सर्वसम्मति से पूर्व के इनिशिएटिव व इन्नोवेटिव आईडियाज की समीक्षा करते हुए निम्नलिखित नवाचारों को निर्धारित कर महाविद्यालय प्रशासन एवं विभागों को अमल हेतु अनुशंसित करने का निर्णय लिया :–

1. शैक्षणिक सत्र के प्रारंभ में द्वारा दिए गए इनिशिएटिव व इन्नोवेटिव आईडियाज की समीक्षा की गई जिसमें पाया गया कि महाविद्यालय इन पर तेज़ी से काम कर रहा है।
2. महाविद्यालय में आय के स्त्रोत बढ़ाने के लिए पूर्व छात्र परिषद व भामाशाहों से सम्पर्क किया जावे।
3. महाविद्यालय के भौतिक संसाधनों एवं सुविधाओं के विस्तार हेतु भामाशाहों एवं पूर्व छात्र परिषद को प्रोत्साहित/सम्पर्क कर संसाधनों की आवश्यकताओं से अवगत करवाया जावे।
4. महाविद्यालय में लैंगिक अंकेक्षण, हरित अंकेक्षण एवं उर्जा अंकेक्षण का कार्य महाविद्यालय की आन्तरिक समिति गठित कर करवाया जावे।
5. जिला संसाधन सहायता समिति के तहत जिले के समस्त राजकीय महाविद्यालयों के प्राचार्यों द्वारा मांग करने पर उनकी आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए भौतिक एवं मानव संसाधन उपलब्ध करवाये जावें तथा समय–समय पर इस समिति की बैठक आयोजित की जावें।
6. महाविद्यालय कैम्पस का सौन्दर्यकरण करते हुए पर्यावरण–पोषक वातावरण बनाया जावे, जिसमें सजावटी पौधे एवं सरस्वती वाटिका में हैज, पक्षियों के घौसंले व पानी के परिण्डे लगाये जावें।
7. महाविद्यालय में वर्षा जल संग्रहण एवं उपयोग (Rain Harvesting व Rain Water Recharge) ईकाई बनवाई जावें ताकि बरसाती पानी का उचित प्रबन्ध हो सके।

8. रसायनशास्त्र की प्रयोगशाला से निकलने वाले रासायनिक कचरा के लिए अलग ड्रेनेज की व्यवस्था की जावे।
9. महाविद्यालय के रसायनशास्त्र व भौतिकशास्त्र प्रयोगशालाओं में विद्यार्थियों के लिए लैब मैनुअल तैयार कर उनका उचित प्रदर्शन एवं प्राथमिक उपचार पेटिका को अद्यतित रखा जावे।
10. महाविद्यालय में जलपान गृह / कैंटिन / कैफेटेरिया तत्काल प्रभाव से अद्यतित किया जावे।
11. विद्यार्थियों के सहभागिता आधारित अधिगम हेतु सभी स्नातकोत्तर विभाग अपने स्तर पर यथा सम्भव प्रयास करें। इसके तहत शैक्षणिक भ्रमण, आर्थिक / सामाजिक सर्वे, संग्रहालय, ऐतिहासिक स्थलों एवं औद्यौगिक ईकाइयों का भ्रमण आदि करवाया जावे।
12. जिन संकाय सदस्यों का कैरियर एडवांसमेंट स्कीम के तहत पदोन्नति लम्बित है वे अपने सभी आवश्यक दस्तावेज तैयार रखें ताकि CAS के तहत आवेदन मांगे जाने पर महाविद्यालय IQAC तत्काल उचित कार्यवाही कर आयुक्तालय कॉलेज शिक्षा, जयपुर को भिजवा सके।
13. जिन संकाय सदस्यों का ओरियंटेशन, रिफ्रेशर कोर्स तथा शॉर्ट टर्म कॉर्स CAS के लिए Due है वे तत्काल प्रभाव से उचित माध्यम से आवेदन कर उक्त कोर्स अपनी आगामी पदोन्नति हेतु पूर्ण कर लेवें।

प्राचार्य
राजकीय लोहिया महाविद्यालय, चूरू

समन्वयक
आईक्यूएसी